क्रम-सं0-85

रजिस्ट्रेशन नं0-एस0एस0पी0/एल0
डब्लू/एन0पी0-91/2014-16
लाइसेन्स टू पोस्ट ऐट कन्सेशनल रेट

सरकारी गजट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेशीय सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

लखनऊ, बुधवार, दिनांक 10 जून, 2020
20 ज्येष्ठ, शक संवत्, 1942

विधान सभा सचिवालय

उत्तर प्रदेश

(पटल कार्यालय)

संख्या : 912/वि0स0/प0का0/81(प)/2002
लखनऊ, दिनांक 10 जून, 2020

अधिसूचना

प्रकीर्ण

चूंकि, इस सचिवालय की अधिसूचना संख्या : 1228/वि0स0/प0का0/81(प)/2002, दिनांक 24 अगस्त, 2017 द्वारा नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, अयोध्या की प्रबन्ध परिषद् में कार्य करने के लिये डा0 सतीश चन्द्र द्विवेदी, सदस्य, विधान सभा (सिद्धार्थनगर) सदस्य के रूप में नामित किये गये थे;

और, चूंकि, डा0 सतीश चन्द्र द्विवेदी, मंत्री पद पर नियुक्त हो गये हैं, ऐसी परिस्थिति में प्रबन्ध परिषद् में उनका स्थान रिक्त हो गया है;

और, चूंकि, नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, अयोध्या की प्रबन्ध परिषद् की उक्त रिक्ति में माननीय अध्यक्ष, विधान सभा द्वारा श्री बावन सिंह, सदस्य, विधान सभा (गोण्डा) को शेष कालावधि के लिये नाम-निर्दिष्ट किया गया है;

अतः सर्वसाधारण की सूचनार्थ एतद्द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि श्री बावन सिंह, सदस्य, विधान सभा (गोण्डा), नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, अयोध्या की प्रबन्ध परिषद् में शेष कालावधि के लिये सदस्य नाम-निर्दिष्ट हो गये हैं।

आज्ञा से,
प्रदीप कुमार दुबे,
प्रमुख सचिव।

पी0एस0यू0पी0-एल0 01 राजपत्र (25)-11-06-2020-585+15 प्रतियां ।